# 4 कंपनियां करेंगी 11020 करोड़ का निवेश

## यमुना प्राधिकरण ने कंपनियों को 184 एकड़ जमीन का किया आवंटन

**माई सिटी रिपोर्टर**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण ने 4 कंपनियों को 184 एकड़ के औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इन भूखंडों में कंपनियां 11020 करोड़ का निवेश करेंगी। अलग-अलग सेक्टर में आवंटित भूखंडों पर सेमीकंडक्टर चिप, इलेक्ट्रिक उपकरण आदि का निर्माण होगा। इनमें एक मेडिकल कॉलेज भी शामिल है। अफसरों मुताबिक चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 74 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। जहां पर 31 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

प्राधिकरण के अफसरों ने बताया कि सेक्टर-28 में इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को 48 एकड़ औद्योगिक भूखंड का आवंटन किया गया है। जो एचसीएल व फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। कंपनी 3706 करोड़ की लागत से इकाई स्थापित करेगी। जहां सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन होगा। वहीं, यमुना सिटी के सेक्टर-10 के इलेक्ट्रिक मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर में एसेंट सर्किट प्राइवेट लिमिटेड को 16 एकड़ जमीन का आवंटन हुआ है। जो इकाई स्थापित कर फ्लेक्सिबल पीसीबी, सेमीकंडक्टर सब्सट्रेट का उत्पाद करेगी। कंपनी यहां पर 3250 करोड़ का निवेश करेगी।

सेक्टर-8 में अंबर इंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को 100 एकड़ जमीन दी गई है। 3532 करोड़ का निवेश कर इकाई स्थापित करते हुए कॉपर क्लैड लैमिनेट, पीसीबी एसेंबली, कंप्यूटर इलेक्ट्रिक उपकरण का उत्पादन किया जाएगा। यमुना सिटी क्षेत्र में बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट मेडिकल कॉलेज बनाएगा। 20 एकड़ से अधिक जमीन का आवंटित की गई है। जिस पर 532 करोड़ की लागत से कॉलेज बनाया जाएगा।

अफसरों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राधिकरण ने 65 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इनमें से औद्योगिक योजना के तहत 28 ईकाइयों को 2.32 लाख वर्गमीटर का आवंटन किया है। इनमें 1332 करोड़ का निवेश और 8783 लोगों को रोजगार मिलेगा। ई-ऑक्शन योजना के तहत 37 ईकाइयों को एक लाख वर्गमीटर जमीन का आवंटन किया गया। जिस पर 500 करोड़ का निवेश और 4800 लोगों को रोजगार मिलेगा। अफसरों ने बताया कि कुल 74 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। जिनमें 22 लाख वर्गमीटर जमीन दी गई है। उस पर 22960 करोड़ के निवेश से 31627 लोगों को रोजगार मिलेगा।